# बेतरतीब रखा था मालखाने में सामान, साफ–सफाई भी ठीक नहीं

**3 दर्जन से अधिक विवेचनाएं लम्बित, निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं**

**कई फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जतायी नाराजगी**

**ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत चिह्नित मुकदमों में पैरवी के निर्देश**

झाँसी : थाना रक्सा का अचानक निरीक्षण करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक जोगेन्दर कुमार पहुँचे। मालखाने के अन्दर सामान व्यवस्थित नहीं था, गन्दगी भी भरमार मिली। त्योहार रजिस्टर के पन्ने फटे हुए थे, तो विवेचनाओं की स्थिति भी ठीक नहीं थी। लम्बित मामलों को देखकर तेजी से निस्तारण के साथ ही कई दिशा–निर्देश दिए।



**थाना रक्सा के निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते डीआइजी।**

थाना परिसर के भ्रमण के दौरान डीआइजी ने पाया कि यहाँ वाहन तरीके से खड़े नहीं थे। अपराध रजिस्टर को देखने पर पता चला कि 38 विवेचनाएं लम्बित हैं। कई मामलों के आरोपी गिरफ्तार नहीं होने पर न्यायालय से एनबीडब्लू व धारा 82/83 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। त्योहार के जीर्ण–क्षीर्ण रजिस्टर की मरम्मत कराने को कहा। महिला हेल्प लाइन डेस्क पर आए मामलों की समीक्षा की। इसमें पाया कि आधे से अधिक मामलों में समझौता हो गया।

# शारदागंज : शिकायत के बाद किया जेई